फैक्स/स्पीड पोस्ट/ई-मेल द्वारा
सं.102/201/जेएजी/प्रशा./र.सं(02)/17
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा संपदा महानिदेशालय
रक्षा संपदा भवन
उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी - 110010
दिनांक 20 जुलाई, 2017

सेवा में,

प्रधान निदेशक, रक्षा संपदा,
रक्षा मंत्रालय,
मध्य/पूर्व/उत्तर/दक्षिण/दक्षिण-पश्चिम/पश्चिम कमान
लखनऊ/कोलकाता/जम्मू/पुणे/जयपुर/ चंडीगढ़

विषय: **भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा ग्रुप 'ए' में रिक्ति वर्ष 2002-03 के लिए पूर्व संशोधित वेतनमान रु.12,000-275-16,500/- में कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड(सामान्य ग्रेड) में पदोन्नति।**

इस महानिदेशालय के पत्र सं. 102/201/जेएजी/प्रशा/रसं दिनांक 30.04.2003 तथा दिनांक 30.06.2003 के समसंख्यक पत्र के संदर्भ में।

2. माननीय केन्द्रीय प्रशासनिक पंचाट (कैट) की इलाहाबाद खंडपीठ द्वारा श्री आलोक गुप्ता बनाम भारतीय संघ व अन्य शीर्षक वाली ओए सं. 496/2011 में पारित दिनांक 12.08.2016 के आदेश के अनुपालन में रिक्ति वर्ष 2002-03 के लिए श्री आलोक गुप्ता की वरिष्ठ समयमान (एसटीएस) से कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (सामान्य ग्रेड) में रु.12,000-275-16,500/- के पूर्व संशोधित वेतनमान में पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति के निर्धारण और सिफ़ारिशों वाला दिनांक 27.03.2003 का मुहरबंद लिफाफा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से खोला गया था।

3. उक्त विभागीय पदोन्नति समिति ने श्री आलोक गुप्ता को कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (सामान्य ग्रेड) में पदोन्नति के लिए योग्य पाया है और वर्ष 2002-2003 के पैनल में उनके नाम को श्री एल के पेगु (क्रम सं.1) के नीचे और श्री बृजेन्द्र नाथ (क्रम सं.2) के ऊपर क्रम सं.1ए में सम्मिलित किए जाने की सिफारिश की है।

4. उक्त सिफ़ारिशों के आधार पर और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्तमान में रक्षा सम्पदा अधिकारी, दिल्ली सर्कल के रूप में तैनात श्री आलोक गुप्ता, भा र सं से-1986 को **नोशनली 30.04.2003** अर्थात उनके ठीक अगले कनिष्ठ अर्थात, श्री बृजेन्द्र नाथ की पदोन्नति की तारीख से और वस्तुतः 12.04.2013 अर्थात जिस तारीख को उन्होंने उच्च पद का कार्यभार संभाला है, से भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (सामान्य ग्रेड) में रु.12,000-275-16,500/- के उस समय के वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है।

5. पदोन्नति के परिणामस्वरूप श्री आलोक गुप्ता की भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (सामान्य ग्रेड) में वर्ष 2002-03 के लिए वरिष्ठता श्री एल के पेगु के नीचे और श्री बृजेन्द्र नाथ के ऊपर नियत की जाती है।

6. श्री आलोक गुप्ता की पदोन्नति का जहां तक संबंध है, इस महानिदेशालय के पत्र सं.102/201/जेएजी /प्रशा/रसं दिनांक 30.04.2003 तथा दिनांक 30.06.2003 के समसंख्यक पत्र तथा पत्र सं.102/201/जेएजी /प्रशा/रसं(27)/10 दिनांक 12.04.2013 को इस सीमा तक आशोधित किया जाता है।

(शर्मिष्ठा मैत्रा)
उप महानिदेशक (प्रशासन)
कृते महानिदेशक, रक्षा संपदा

कृ.पृ.उ.

प्रतिलिपि :-

1. रक्षा सचिव के ओएसडी
2. अपर सचिव (जे), रक्षा मंत्रालय / अपर सचिव (आर), रक्षा मंत्रालय,
3. संयुक्त सचिव (ई), रक्षा मंत्रालय /संयुक्त सचिव (वर्क्स), रक्षा मंत्रालय
4. संघ लोक सेवा आयोग, एपी-3 – यूपीएससी फा. सं. 1/33/(62)/2002-एपी-3 के संबंध में।
5. डी (नियुक्तियां), रक्षा मंत्रालय
6. डी (क्यू एण्ड सी), रक्षा मंत्रालय
7. प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक, मध्य/पूर्व/उत्तर/दक्षिण/दक्षिण-पश्चिम/पश्चिम कमान लखनऊ/कोलकाता/जम्मू/पुणे/जयपुर/ चंडीगढ़
8. निदेशक, राष्ट्रीय रक्षा संपदा प्रबंधन संस्थान, दिल्ली छावनी
9. श्री आलोक गुप्ता (भा र सं से-1986), रक्षा सम्पदा अधिकारी, दिल्ली सर्कल

आंतरिक

1. महानिदेशक, रक्षा संपदा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
2. वरिष्ठ अपर महानिदेशक के निजी सचिव
3. रक्षा संपदा महानिदेशालय के सभी अधिकारी
4. भा र सं से के प्रतिनियुक्ति पर सभी अधिकारी
5. संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत फाइल
6. रक्षा संपदा महानिदेशालय (समन्वय/राजभाषा अनुभाग)
7. गार्ड/फ्लोट फाइल
8. डीएमएस/ वेबसाइट/ए यू एवं आर सी